|| ॐ साईं राम ||



When one wishes to cross the ocean, one must have faith in the navigator, similarly, to cross the samsaric ocean one must have faith in the Guru.

Year- 17 Issue- 50
Ghaziabad, Sunday, 10 May- 2026

10 May to 16 May- 2026

Page: 8

RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473
Editor: Manisha Bhargava
Mob.: 9871895198
Rate.: 2 Rupess

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in

## आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लबों ने संयुक्त रूप से

# पीएचसी साहिबाबाद में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में रहम फाउंडेशन एवं आईआरसीटीसी के संयुक्त सहयोग से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत पीएचसी केंद्र करेड़ा साहिबाबाद में गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह सेवा कार्य 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 1, 8, 16 एवं 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को न्यूट्रिशन प्रोटीन सप्लीमेंट एवं जूस वितरित किए जाते हैं, ताकि उन्हें आवश्यक पोषण प्राप्त हो सके और स्वस्थ मातृत्व को बढ़ावा मिल सके। अप्रैल 2025 से प्रारंभ यह सेवा लगातार जारी है और अब तक अनेक जरूरतमंद महिलाओं को इसका लाभ मिल चुका है। यह कार्यक्रम रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न रोटरी क्लबों ने सक्रिय सहभागिता निभाई, जिनमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफरन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार एवं रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

यह आयोजन इस श्रृंखला का 38वां पोषण वितरण प्रोजेक्ट रहा, जो समाज के प्रति सभी सहभागी संस्थाओं की सेवा भावना एवं मातृ स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कार्यक्रम में प्रतीक भार्गव, विक्रम सिंह, डॉ. विश्वकर्मा, प्रेमलता एवं पीएचसी केंद्र के चिकित्सा व सहयोगी स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

















इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित और पौष्टिक आहार स्वस्थ माँ और स्वस्थ शिशु की आधारशिला होता है। ऐसे सेवा प्रकल्प समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं। आयोजकों ने बताया कि रहम फाउंडेशन, डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन एवं सहयोगी रोटरी क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े प्रकल्प निरंतर संचालित करते रहेंगे।

# चार्ज संभालते ही एक्शन मोड में सीडीओ कुमार सौरभ, विभागीय योजनाओं की कड़ी समीक्षा

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में नवागत मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने कार्यभार ग्रहण करते ही प्रशासनिक सक्रियता का परिचय देते हुए विकास योजनाओं की गति तेज करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। विकास भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोजगारपरक, स्वरोजगार और कौशल प्रशिक्षण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष



2026-27 में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करना तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करना रहा। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है, जब उन्हें समयबद्ध, पारदर्शी और परिणाम आधारित तरीके से लागू किया जाए। समीक्षा बैठक में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय पॉलिटेक्निक गाजियाबाद तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित योजनाओं का विभागवार आकलन किया गया। प्रत्येक विभाग से लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धियों की जानकारी ली गई और जहां प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई, वहां संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने कहा कि रोजगार सृजन से जुड़ी योजनाएं प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। युवाओं को स्वरोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ना प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके।

# Editorial

## Bengal's 'Bloody Character'

Undoubtedly, a mandate for 'change' has been delivered in West Bengal, and today the first-ever BJP government is being sworn in; yet, Bengal's 'bloody character' remains unchanged. In the wake of the mandate, Bengal's 'city of vengeance' (*Badlapur*) stands exposed. Post-election violence—including murders, arson, vandalism, forceful occupation, and the indiscriminate use of bulldozers—is openly on display. Five political murders have already been committed. Among them, the most brutal and ruthless killing is that of Chandranath Rath, the personal assistant to Suvendu Adhikari. Suvendu is widely regarded as the BJP government's prospective Chief Minister. It is noteworthy that he defeated Chief Minister Mamata Banerjee in her home constituency of 'Bhabanipur'. Chandranath was not a political figure; he was a retired Air Force veteran. He had been working with Suvendu since the time Suvendu served as a minister in the Mamata government and was considered a trusted lieutenant of the Chief Minister. The attackers riddled Chandranath with bullets just 100 to 150 meters away from his home. The assailants currently remain at large, though an investigation by a Special Investigation Team (SIT) is underway. Mamata Banerjee has called for a CBI inquiry under judicial supervision—a demand that Trinamool leaders are now reiterating. Suvendu Adhikari believes that he himself was the intended target of the attackers—specifically because he had defeated Mamata Banerjee—but it was his assistant who was ultimately murdered. This was a premeditated, conspiratorial, and heinous killing. The perpetrators will not be spared. Indeed, this very murder serves as a stark testament to Bengal's 'bloody character'. Furthermore, in the aftermath of the elections and the mandate, BJP worker Madhu Mandal and Trinamool worker Abir Sheikh were both beaten to death. A Congress worker has also been killed—this, despite the fact that only remnants of the Congress party now survive in Bengal. Who are the 'seeds of bloodshed'—the instigators—behind the unbridled orgy of violence that has erupted across Bengal, spanning from Kolkata, Howrah, Tollygunge, Hooghly, Bankura, Asansol, Birbhum, and Jalpaiguri all the way to the 24 Parganas? More or less, the honorable epithet of 'Bhadralok' should be stripped away from Bengal, for it is now merely a mask—given that Bengal currently ranks at the very top among all states in the country for political violence and murders.

**Manisha Bhargava**

# Teaser of Krishna Aur Chitthi strikes an emotional chord, leaves audiences deeply moved




**Prateek Bhargava**

**New Delhi.** The teaser of the much-awaited Hindi film Krishna Aur Chitthi has been released and is already creating a strong buzz among audiences. Rooted in faith, emotions, and the divine glory of Lord Krishna, the film has touched hearts with its very first glimpse.

At a time when cinema is searching for meaningful and relatable stories, Krishna Aur Chitthi emerges as a soulful narrative that beautifully highlights the values of family, belief, and humanity. The film is produced by Ravina Thakkur and Vinaay Bhhardwaj under the banner of Shining Sun Studioss powered by Aspect Entertainment, with Vinaay Bhhardwaj also directing the project. It is slated for a nationwide theatrical release on May 29. One of the biggest highlights of the teaser is the coming together of three iconic personalities representing different generations. Legendary cricketer Sachin Tendulkar, veteran actor Arun Govil—fondly remembered for portraying Lord Ram—and young actor Darsheel Safary add a special charm to the film. The teaser gains spiritual depth with a powerful voiceover by ISKCON's revered Amogh Lila Prabhu Ji. The sacred chant "Yada Yada Hi Dharmasya…" resonates throughout, delivering a message of faith, righteousness, and the divine presence of Lord Krishna—making it especially relevant in today's times. The closing moments of the teaser are particularly moving, as Darsheel Safary beautifully recreates Sachin Tendulkar's iconic "Main Khelega" moment. The scene stands out as a powerful blend of inspiration, passion, and emotion. The teaser has received an overwhelming response on social media, with viewers calling it "a must-watch for every Indian family" and "a divine cinematic experience."

Overall, Krishna Aur Chitthi appears to be more than just a film—it promises to be a spiritual journey dedicated to faith, emotions, and the blessings of Lord Krishna, leaving audiences eagerly awaiting its release.

Watch the teaser here:

youtube link of video :https://youtu.be/Cm4KrWoFCgg?si=RhcoMUw45Av9MB80

Experience the divine essence and immerse yourself in the devotion of Lord Krishna.

# KKR Regain Momentum as Cameron Green Highlights Strong Team Culture and Balance

**Prateek Bhargava**

**New Delhi.** Kolkata Knight Riders all-rounder Cameron Green credited the team's positive culture, strong dressing-room environment, and improved balance after KKR's important victory over Delhi Capitals in New Delhi.

Addressing the media after the match, Green said belief within the squad had remained intact throughout the tournament despite a difficult phase earlier in the campaign.

"I don't think the belief was ever gone. We've had a really good culture throughout the tournament. Even before we started winning, the environment in the camp remained upbeat. Credit goes to the players and support staff for keeping the energy high because this competition means a lot to all of us," Green said.

The Australian all-rounder praised KKR's bowling unit for consistently delivering under pressure and helping the side fight its way back into playoff contention.



"We've fought really hard to get ourselves back into the competition, and our bowlers have been exceptional throughout. Today was another outstanding performance from them," he added.

Green also opened up about handling expectations and the outside chatter surrounding his auction price, stating that the team management has never allowed pressure to affect him.

"The coaching staff and support group have been incredible since day one. There's always pressure on overseas players because only four can play at a time, but I've never felt any added pressure from within the setup," he said.

Reflecting on the team's journey this season, Green admitted KKR needed time to identify the ideal playing combination and batting roles.

"We probably took a few games to understand the best combination and where everyone fits in. Now we've reached a really good place with our batting order and overall balance," he noted.

Green reserved special praise for opener Finn Allen, who made an immediate impact after returning to the playing XI with a fluent attacking innings.

"Finn was exceptional today. He's one of the best players in the world at putting bowlers under pressure from the start. Once he gets going, he becomes very difficult to stop. It was fantastic to watch from the other end," Green said.

Speaking about modern-day T20 batting approaches, Green highlighted the importance of having players capable of adapting to different match situations. "Players like Ajinkya Rahane bring calmness and timing, while others provide power and aggression. Having both types of batters gives balance to the team, especially during different chase situations," he explained.

Green also clarified that while he has not bowled his full quota regularly this season, he remains fully prepared to contribute whenever required.

"With the makeup of our bowling attack and the flexibility provided by our all-rounders, we've been able to share responsibilities well. I'm always ready to bowl four overs if needed," he said.

Concluding the interaction, Green stressed the importance of workload management during a demanding tournament like the IPL.

"You have to manage your energy levels carefully through a long competition. The key is to stay fresh physically and mentally so you can perform well during the business end of the tournament," he concluded.

## Krishna Shroff and Tiger Shroff Put Indian MMA on the World Map Once Again With A Spectacular MFN 18

### Sonam Zomba, Digambar Singh Rawat, and a Night That Reminded Everyone that Krishna Shroff, Ayesha Shroff and Tiger Shroff Are the True Pioneers Of Indian MMA






Prateek Bhargava

**New Delhi.** Krishna Shroff, Ayesha Shroff and Tiger Shroff once again accomplished what they set out to do with another successful MFN season. And once again, India's premier MMA promotion proved exactly why it sits in a category of its own. What unfolded at Shaheed Vijay Singh Pathik Sports Complex in Greater Noida on May 2 was the clearest statement yet of everything Krishna Shroff, Ayesha Shroff, and Tiger Shroff have been building since 2019, a promotion with the depth, the talent pipeline, and the competitive standard to stand alongside any MMA property in the world. Thirteen bouts, two title fights, and an atmosphere that confirmed Indian MMA has found not just an audience but a genuinely invested one.

The evening's standout moments came thick and fast, but the headline results belonged entirely to India. In the co-main event, Digambar Singh Rawat claimed the lightweight title in a performance that had the crowd on its feet. His victory felt as much like a statement as it did a result. The main event delivered something even more significant. Sonam Zomba, defending her MFN 17 championship, stepped up against Brazil's Maristela Alves and did it again. She presented a spectacular title defence that cemented her as one of the most compelling fighters on the MFN roster and further supported exactly what Krishna has always stood for, that Indian MMA, and women's MMA in this country specifically, is ready for the world stage.

## जिले की बड़ी परियोजनाओं पर डीएम सख्त: भूमि अर्जन और निर्माण कार्यों में देरी पर तय होगी जवाबदेही

टीबीसी संवाददाता



**गाजियाबाद।** जनपद में चल रही महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को गति देने तथा भूमि अर्जन से संबंधित प्रक्रियाओं को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न गतिमान परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया और संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (भू-अर्जन) अवनीश सिंह, एआईजी स्टाम्प सहित विभिन्न विभागों और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान आरआरटीएस-1 एवं आरआरटीएस-2 कॉरिडोर, ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेलवे परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-709बी दिल्ली यूपी गेट से बागपत मार्ग, हापुड़-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-24 चौड़ीकरण, जीडीए की नार्दर्न पेरिफेरल रोड योजना, इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना तथा चार लेन रेल उपरिगामी सेतु निर्माण परियोजना सहित कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान स्पष्ट कहा कि जिले के विकास से जुड़ी परियोजनाएं केवल निर्माण कार्य नहीं बल्कि जनपद की आर्थिक और सामाजिक प्रगति की आधारशिला हैं। इसलिए सभी विभाग और कार्यदायी संस्थाएं आपसी समन्वय बनाए रखते हुए परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी परियोजना के क्रियान्वयन में जनपद स्तर पर कोई समस्या, भूमि विवाद या प्रशासनिक बाधा उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तत्काल लिखित रूप में उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।




ADMISSION OPEN
2026-27
CLASSES NUR TO IX & XI

Ranked 5th in Ghaziabad in Dainik Jagran School Rankings 2025

Awarded as Best School for Co-curricular Education by Education Today.

100% Off on ADMISSION FEES for Classes NUR TO I

- 100% CBSE Board Results
- Transport Facility Available

P-BLOCK, SEC-12 PRATAP VIHAR,GHAZIABAD

www.nrpschool.com
nrpschool@gmail.com
facebook.com/nrpschool
9560173519

## आई.टी.एस डेंटल कॉलेज की पहल, एक महीने में 4800 मरीजों तक पहुंची दंत स्वास्थ्य सेवा



**गाजियाबाद।** समाज में मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को बेहतर दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर द्वारा अप्रैल 2026 माह के दौरान व्यापक स्वास्थ्य अभियान चलाया गया। संस्थान की ओर से गाजियाबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित दंत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से लगभग 4800 मरीजों को निशुल्क जांच, परामर्श और उपचार सेवाएं प्रदान की गई। संस्थान द्वारा आयोजित यह अभियान शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ। विवेकानंद नगर, लोहा मंडी, मोहन नगर, कल्लूगढ़ी, रहीसपुर, खेरका, नंदग्राम, लोनी, विजय नगर, कलछीना, खचेड़ा, राकेश मार्ग, डासना, पंची, भोपुरा, मोदीनगर और रावली सहित अनेक क्षेत्रों में शिविर लगाए गए। इसके साथ ही वेव सिटी ड्रीम होम्स, क्लासिक रेजिडेंसी, वेव सिटी एग्जीक्यूटिव फ्लोर्स और ऑक्सी होम्स जैसी आवासीय सोसायटियों में भी दंत स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गई। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य लोगों को मौखिक स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना, दांतों से जुड़ी सामान्य समस्याओं की प्रारंभिक पहचान करना तथा समय रहते उपचार के लिए प्रेरित करना रहा। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक जांच सत्र से की गई, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों के दांत और मसूड़ों की स्थिति का परीक्षण किया। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक उपचार और भविष्य में दंत रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने विशेष रूप से दांतों की सड , मसूड़ों की बीमारियों, दंत फ्लोरोसिस तथा अन्य मौखिक रोगों के कारणों और रोकथाम पर विस्तार से जानकारी दी।

# आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लबों ने गर्भवती माताओं को पोषण किट बांटी

**मनीषा भार्गव**










**गाजियाबाद।** पीएचसी प्रहलाद गढ़ी में रहम फाउंडेशन और डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार वितरण की एक सराहनीय पहल निरंतर जारी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

लगभग 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 1, 9, 16 और 24 तारीख को गर्भवती माताओं को प्रोटीन सप्लीमेंट और जूस वितरित किए जाते हैं। यह सेवा अप्रैल 2025 से लगातार संचालित की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य केवल पोषण आहार उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें आवश्यक जानकारी देना और एक स्वस्थ पीढ़ी की मजबूत नींव रखना भी है। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद इंदिरापुरम परिवार के नेतृत्व में किया जा रहा है, जिसमें कई अन्य रोटरी क्लबों का भी सराहनीय सहयोग मिल रहा है। अब तक यह पहल 59वें प्रोजेक्ट तक पहुँच चुकी है, जो इस बात का प्रमाण है कि जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है तो सकारात्मक बदलाव निश्चित रूप से संभव होता है।

इस अवसर पर डॉ. धीरज भार्गव, विक्रम सिंह, डॉ. गौरव आनंद एवं पीएचसी की पूरी टीम की सक्रिय उपस्थिति रही। आयोजकों ने कहा कि यह पहल केवल सेवा का कार्य नहीं, बल्कि मातृ स्वास्थ्य के प्रति समाज की जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और जागरूकता का प्रतीक है।

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी का बड़ा आदेश: दिव्यांग, गरीब और असहायों तक खुद पहुंचेगा प्रशासन



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जनता दर्शन के दौरान राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता और प्रशासन के बीच भरोसे का माध्यम है, इसलिए हर शिकायत का समाधान धरातल पर दिखाई देना चाहिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जमीन से जुड़े विवादों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करे और विवादों का निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद अक्सर कानून-व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करते हैं, इसलिए इनका समय रहते निस्तारण बेहद आवश्यक है। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में दिव्यांगजनों, गरीबों, असहायों एवं मजबूर व्यक्तियों का व्यापक स्तर पर चिन्हिकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे पात्र लोगों को पेंशन योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, ई-वाहन योजना तथा अन्य संचालित सरकारी योजनाओं से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि केवल आवेदन आने का इंतजार करने के बजाय अधिकारी स्वयं क्षेत्र में जाकर जरूरतमंदों की पहचान करें और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करें। साथ ही पात्र लोगों को रोजगार से जोडऩे की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जाएं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी विभाग स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग नहीं किया जा रहा है या किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा सामने आती है तो तत्काल उन्हें अवगत कराया जाए, जिससे समस्या का समाधान किया जा सके।

## कम्पोजिट स्कूल नगर साहिबाबाद में सेनेटरी पैड वितरण एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रतीक भार्गव**









**गाजियाबाद।** कम्पोजिट स्कूल नगर साहिबाबाद के सरकारी विद्यालय में रहम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी के संयुक्त सहयोग से सेनेटरी पैड वितरण एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस सेवा अभियान के अंतर्गत लगभग 1000 सेनेटरी पैड निःशुल्क वितरित किए गए तथा छात्राओं और महिलाओं को महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता और मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।

यह कार्यक्रम हिमांशु चौधरी के मार्गदर्शन और सहयोग से उनके वार्ड क्षेत्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न रोटरी क्लबों ने सक्रिय सहभागिता निभाई, जिनमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, दिल्ली प्रीत विहार, दिल्ली लेगेसी, गाजियाबाद ग्रीन, हापुड़ एलीट, हापुड़ प्लेटिनम, गाजियाबाद सैफरन, इंदिरापुरम गैलोर और गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट प्रमुख रहे।

रहम फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2025-26 में 1,50,000 सेनेटरी पैड वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 1,32,000 से अधिक सेनेटरी पैड वितरित किए जा चुके हैं। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और मासिक धर्म संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना है, ताकि वे स्वस्थ और आत्मविश्वासपूर्ण जीवन जी सकें। कार्यक्रम में डॉ. धीरज कुमार भार्गव, विद्यालय की प्रिंसिपल मिसेज साइड्स कुमारी, विद्यालय के शिक्षकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि रहम फाउंडेशन और सहयोगी रोटरी क्लब समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं।

# दिल्ली के सबसे पहले अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह का जबर्दस्त उदघाटन

## उषा उथुप को मिला लाइफ टाइम और बांग्लादेश की रुना लैला को मीनारे दिल्ली

प्रतीक भार्गव



**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और द सोशल सर्किल द्वारा आयोजित होने वाले 15वां दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह 2026 की शुरूआत आखिर हो गयी । राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाला यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह 4 मई से 8 मई 2026 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, जनपथ दिल्ली में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। डिफ के नाम से दुनिया भर में जाना जाने वाला दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह इस वर्ष और अधिक व्यापक और वैश्विक स्वरूप में सामने आया है, जिसमें 51 से अधिक देशों की 178 फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है, साथ ही 100 से अधिक कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। उद्घाटन के मौके पर ओ पी मिश्र, इंदिरा गाँधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स के मिडिया हेड अनुराग पुनेठा और चेयरमैन राम बहादुर राय को भी विशेष सम्मान से सम्मानित गया।

समारोह का उद्घाटन दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता विख्यात मलयालम फिल्मकार अडूर गोपालकृष्णन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मोरक्को के प्रसिद्ध फिल्मकार मोहम्मद आहेद बेन्सौदा को सम्मानित करते हुए उनकी चर्चित फिल्म ह्यद डिवोर्सिज ऑफ कासाब्लांकाह्ल प्रदर्शित की रही है। बांग्लादेश की ख्यातिप्राप्त गायिका रूना लैला को मीनार-ए-दिल्ली अवार्ड से सम्मानित क्या गया जबकि वरिष्ठ भारतीय गायिका उषा उथुप को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। वरिष्ठ अभिनेत्री शर्मिला टैगोर की बंगाली सिनेमा में वापसी को उनकी फिल्म ह्यपुरातनः द एनिशेंटह्ल के माध्यम से विशेष रूप से रेखांकित किया जा रहा है। रितुपेर्नो सेनगुप्ता द्वारा अभिनीत और निर्मित इस फिल्म को दुनिया भर में सराहा जा रहा है।

इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा की प्रमुख हस्तियों की भी प्रभावशाली उपस्थिति रहेगी, जिनमें रितुपर्णो सेनगुप्ता, श्वेता मेनन और मेघना मालिक के नाम शामिल हैं।

समारोह में विश्व स्तर पर ख्यात रूस की प्रमुख फिल्म संस्था रोस्किनो और मोजाम्बिक का राष्ट्रीय फिल्म संस्थान सहयोगी भागीदार के रूप में जुड़े हैं। इस फिल्म समारोह में रूस और चीन की फिल्मों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है जबकि अफ्रीकी सिनेमा को फोकस किया जा रहा है । पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में न केवल फिल्मों का प्रदर्शन होगा, बल्कि यह सिनेमा के माध्यम से सांस्कृतिक संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी नई दिशा देगा। उल्लेखनीय है कि इस मंच पर प्रदर्शित भारतीय खंड की कई फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, जबकि कुछ अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को ऑस्कर तक भेजा गया है। इसके अलावा यह समारोह भारत और विश्व के बीच फिल्मी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसके तहत विभिन्न देशों के फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्म कार्यक्रम भेजे जाते रहे हैं।

समारोह में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। फिल्मों का चयन प्रसिद्ध फिल्म पत्रकार अनुराग पुनेठा, कवि और समीक्षक प्रमोद कौंसवाल और टीवी दुनिया का जानामाना नाम रीमा दिनेश कपूर द्वारा किया गया है। जबकि ज्यूरी की अध्यक्षता रमन चावला करेंगे।

समारोह को लेकर आम लोगों लेकर फिल्म समीक्षकों में खासी दिलचस्पी बनी हुई है। क्योंकि दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म (डिफ) मौलिक, स्वतंत्र और अपने मूल स्वरूप को निरंतर बनाए रखने वाले मंच के रूप में देखा जाता है, जिसने वर्षों में अपनी अलग पहचान और विश्वसनीयता स्थापित की है।

दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और प्रेसिडेंट रामकिशोर पारचा का कहना है कि हमने विश्व सिनेमा के लिए इस बार जो भी श्रेणियां बनाई है हम उसे विश्वसनीय तरीके से पेश करेंगे जिसमें फिल्मों की वैश्विक परिस्थितियां तो इंगित होंगी ही फिल्म और समाज के आपसी ताने-बाने को लेकर विशेषज्ञों के साथ चर्चाएँ भी आयो भी आयोजित की जाएँगी। हम सिनेमा के इतिहास में जाएंगे और समाज की सच्चाई से सिनेमा को परखेंगे। हर वर्ष की तरह हमारी कोशिश होगी कि फिल्म समारोह का संदेश देश और दुनिया में मनुष्य और उसके संघर्षों के साथ उसकी जिजीविषा का खास आईना बन सके।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आयोजित होने वाले इस समारोह में फिल्मों को विभिन्न श्रेणियों में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे दर्शकों और फिल्म समीक्षकों को सिनेमा के विविध आयामों को समझने का अवसर मिलेगा। समारोह में विश्व सिनेमा, भारतीय सिनेमा, एनआरआई सिनेमा, शॉर्ट फिल्म्स, डॉक्यूमेंट्री और विशेष रेट्रोस्पेक्टिव सेक्शन जैसी अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। विश्व सिनेमा खंड में विभिन्न देशों की समकालीन और क्लासिक फिल्मों का चयन किया गया है, जो सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मुद्दों को वैश्विक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती हैं। भारतीय सिनेमा खंड में क्षेत्रीय और मुख्यधारा दोनों प्रकार की फिल्मों को शामिल किया गया है, जिनमें नई कहानियों और प्रयोगधर्मी सिनेमा की झलक देखने को मिलेगी। एनआरआई सिनेमा श्रेणी विशेष रूप से प्रवासी भारतीय फिल्मकारों की रचनात्मकता को सामने लाने का मंच बनेगी, जहां पहचान, संस्कृति और वैश्विक अनुभवों की कहानियां प्रमुखता से उभरेंगी।

समारोह में प्रदर्शित की जाने वाली फिल्मों में कुछ विशेष प्रस्तुतियां पहले ही चर्चा का विषय बन चुकी हैं। मोरक्को के चर्चित फिल्मकार मोहम्मद अहद बेन्सौदा की फिल्म दि डिवोर्सिज ऑफ कासाब्लांका को खास तौर पर सराहा गया है, जो आधुनिक समाज में रिश्तों की जटिलताओं को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है।

इसी तरह भारतीय खंड में चयनित कई फिल्में समकालीन सामाजिक बदलाव, पारिवारिक संरचना और व्यक्तिगत संघर्षों को बेहद प्रभावशाली ढंग से सामने लाने के लिए जानी जा रही हैं। शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री श्रेणियों में भी कई ऐसी प्रविष्टियां शामिल हैं, जो अपने विषय, प्रस्तुति और तकनीकी उत्कृष्टता के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता रखती हैं।

# यशोदा मेडिसिटी में समर्पित थैलेसीमिया देखभाल केंद्र की शुरूआत

## एक ही स्थान पर उपचार, रक्त चढ़ाने की सुविधा, परामर्श और दीर्घकालीन देखभाल उपलब्ध

- विशेषज्ञों बोले-समन्वित चिकित्सा व्यवस्था से थैलेसीमिया मरीजों की जीवन गुणवत्ता होगी बेहतर

टीबीसी संवाददाता



**गाजियाबाद।** अनुवांशिक रक्त रोग थैलेसीमिया से जूझ रहे मरीजों को बेहतर, व्यवस्थित और दीर्घकालीन उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में यशोदा मेडिसिटी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए समर्पित थैलेसीमिया देखभाल केंद्र की शुरूआत की है। अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर शुरू किए गए इस केंद्र को क्षेत्र की पहली ऐसी एकीकृत स्वास्थ्य पहल माना जा रहा है, जहां मरीजों को संपूर्ण चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। शुक्रवार को विशेष केंद्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम को हेमेटोलॉजी अर्थात रक्त रोग चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल न केवल उपचार बल्कि थैलेसीमिया की रोकथाम और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी। थैलेसीमिया भारत में पाए जाने वाले सबसे सामान्य अनुवांशिक रक्त रोगों में शामिल है, जिसमें मरीजों को जीवनभर नियमित रूप से रक्त चढ़ाने तथा निरंतर चिकित्सकीय निगरानी की आवश्यकता होती है। समय पर जांच, सही उपचार और दीर्घकालीन देखभाल की कमी के कारण कई मरीज गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करते हैं। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यशोदा मेडिसिटी ने इस समर्पित केंद्र को एक समग्र देखभाल प्रणाली के रूप में विकसित किया है। नए केंद्र में विशेषज्ञ रक्त रोग उपचार सेवाएं, डे-केयर रक्त चढ़ाने की सुविधा, शरीर में अतिरिक्त आयरन नियंत्रण उपचार और उसकी नियमित निगरानी, उन्नत जांच सुविधाएं, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण मूल्यांकन, आनुवांशिक परामर्श, पोषण सलाह, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, संक्रमण से बचाव तथा नियमित फॉलोअप जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य मरीजों और उनके परिवारों को बार-बार अलग-अलग संस्थानों के चक्कर लगाने से राहत देना है।

कार्यक्रम के दौरान थैलेसीमिया विषय पर विशेष ज्ञान सत्र तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि थैलेसीमिया मरीजों को जीवनभर नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, इसलिए समाज में स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। आयोजन में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों, चिकित्सकों तथा नागरिकों ने सहभागिता की।

यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने कहा कि थैलेसीमिया केवल एक चिकित्सकीय समस्या नहीं बल्कि दीर्घकालीन सामाजिक और भावनात्मक चुनौती भी है।

उन्होंने कहा कि इस समर्पित केंद्र के माध्यम से अस्पताल का लक्ष्य मरीजों को संवेदनशील, समन्वित और आजीवन चिकित्सा सहायता प्रदान करना है, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा दोनों में सुधार हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रसव पूर्व जांच, आनुवांशिक परामर्श और समय पर स्क्रीनिंग के माध्यम से भविष्य में इस रोग के मामलों को कम किया जा सकता है। रक्त रोग, रक्त कैंसर एवं अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण विभाग की निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. निवेदिता ढींगरा ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में हुई प्रगति के कारण अब थैलेसीमिया मरीज पहले की तुलना में अधिक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बेहतर रक्त चढ़ाने की प्रणाली, आयरन नियंत्रण प्रबंधन, संक्रमण रोकथाम और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के उन्नत परिणामों ने उपचार की संभावनाओं को काफी मजबूत किया है। यह केंद्र सभी आवश्यक सेवाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराकर उपचार प्रक्रिया को सरल, प्रभावी और मरीज केंद्रित बनाएगा। विशेषज्ञों ने इस अवसर पर कैरियर जांच, विवाह पूर्व परामर्श और गर्भावस्था के दौरान जांच को बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को थैलेसीमिया से सुरक्षित रखा जा सके। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जागरूकता और समय पर परीक्षण ही इस अनुवांशिक रोग की रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका है। यशोदा मेडिसिटी द्वारा शुरू किया गया यह थैलेसीमिया देखभाल केंद्र न केवल चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार है बल्कि मरीजों के लिए सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में एक संवेदनशील पहल भी है। इस पहल के माध्यम से अस्पताल ने विशेष स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, संगठित और मानवीय बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए अनुवांशिक रक्त रोगों के उपचार एवं रोकथाम के क्षेत्र में नई मिसाल प्रस्तुत की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी, नवगठित कार्यकारिणी को नई कार्ययोजना बनाने के निर्देश

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, गाजियाबाद शाखा की नवगठित कार्यकारिणी समिति द्वारा एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी गाजियाबाद एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में मानवता, सेवा भावना और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने की दिशा में रेडक्रॉस की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत रेडक्रॉस सोसाइटी के संस्थापक जॉन हेनरी ड्यूनेंट के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 08 मई को जॉन हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष दिवस की थीम 'मानव बंधुत्व निर्धारित की गई, जिसका मूल उद्देश्य समाज में परस्पर सहयोग, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। संगोष्ठी में नव नियुक्त सभापति डॉ. अंजुल अग्रवाल, सचिव डॉ. किरण गर्ग, डिप्टी सीएमओ सहित नवगठित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने सचिव एवं सभापति को रेडक्रॉस की आगामी गतिविधियों और सेवा कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए एक समग्र एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि समाज में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जरूरतमंदों और असहाय व्यक्तियों की सहायता करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें सही माध्यम और वास्तविक पात्र व्यक्तियों की जानकारी नहीं मिल पाती। ऐसे में रेडक्रॉस जैसी संस्थाएं समाज और जरूरतमंदों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस को अपने कार्यों के माध्यम से आमजन में विश्वास स्थापित करना होगा कि संस्था को प्राप्त सहयोग राशि पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ जरूरतमंदों की सहायता में उपयोग की जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा, स्वास्थ्य संकट अथवा सामाजिक कठिन परिस्थितियों में रेडक्रॉस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है और भविष्य में भी संस्था को जनभागीदारी के माध्यम से अपनी सेवाओं का विस्तार करना चाहिए। उन्होंने सक्षम संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों से रेडक्रॉस को मजबूत बनाने हेतु सहयोग देने का आ'ान किया, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक राहत एवं सहायता पहुंचाई जा सके।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गाजियाबाद रेडक्रॉस की नवगठित कार्यकारिणी समिति सेवा कार्यों को नई दिशा देने के साथ संस्था की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि रेडक्रॉस केवल एक संस्था नहीं बल्कि मानवता और सेवा का प्रतीक है, जिसे समाज के सहयोग से और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में रेडक्रॉस गाजियाबाद शाखा की ब्रांड एंबेसडर डॉ. ऋचा सूद, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. बालिगा, शील वर्मा, तुषार जैन, पूनम शर्मा, धर्मवीर गुप्ता, विनोद कुमार तथा मेजर डॉ. प्राची गर्ग सहित कई गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित यह संगोष्ठी सेवा, सहयोग और मानव बंधुत्व के संदेश को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट कर जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया, जिससे रेडक्रॉस की जनसेवा गतिविधियों को आगामी समय में और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

# छापेमारी की तेज गेंदबाजी और रणनीति की फील्डिंग, तस्करों के छक्के छुड़ा रही आबकारी टीम

## प्रदेश का कमाऊपूत जिला, सुरक्षा और राजस्व दोनों बड़ी जिम्मेदारी

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश का सबसे विकसित और औद्योगिक जिला बन चुके गौतमबुद्ध नगर की पहचान अब केवल आर्थिक राजधानी तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह जिला राजस्व सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मजबूत मॉडल के रूप में भी उभर कर सामने आया है। प्रदेश की जीडीपी में 10 प्रतिशत से अधिक योगदान देने वाला यह जिला नोएडा, ग्रेटर नोएडा और जेवर क्षेत्र के कारण आर्थिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। दिल्ली और हरियाणा की सीमाओं से सटे होने के कारण यह जिला हमेशा संवेदनशील श्रेणी में रहा है। खासकर शराब तस्करी को लेकर यहां आबकारी विभाग की जिम्मेदारी किसी चुनौती से कम नहीं रही। बाहरी राज्यों से शराब लाकर अवैध बिक्री करना लंबे समय तक राजस्व के लिए बड़ी समस्या बना रहा। अवैध शराब का कारोबार न केवल सरकारी आय को नुकसान पहुंचाता था बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा बनता जा रहा था। लेकिन अब हालात पूरी तरह बदलते दिखाई दे रहे हैं। कभी तस्करों के लिए आसान रास्ता माना जाने वाला गौतमबुद्ध नगर अब उनके लिए कठिन मैदान बन चुका है। आबकारी विभाग की कार्रवाई आज टी-20 क्रिकेट मैच की तरह तेज, सटीक और आक्रामक नजर आ रही है, जहां हर दिन तस्करों की विकेट गिरती दिखाई देती है। जिले की इस बदलती तस्वीर के पीछे जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव की कार्यशैली को अहम माना जा रहा है। करीब ढाई वर्ष पहले जिले की कमान संभालने वाले अधिकारी ने विभाग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह परिणाम आधारित बना दिया। उनका फोकस केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा बल्कि राजस्व वृद्धि और जनहित के बीच संतुलन स्थापित करना रहा। इसी का परिणाम है कि पिछले ढाई वर्षों में जिले से प्रदेश सरकार को लगभग 6266 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

आबकारी अधिकारी की रणनीति बिल्कुल क्रिकेट कप्तान जैसी मानी जा रही है, जहां हर खिलाड़ी की भूमिका तय है और हर कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की जाती है। जिले में तैनात सात आबकारी निरीक्षक उनकी टीम के मजबूत खिलाड़ी साबित हो रहे हैं। आशीष पाण्डेय, अखिलेश बिहारी वर्मा, सचिन त्रिपाठी, अभिनव शाही, नामवर सिंह, संजय चन्द्र और महिला अधिकारी डॉ. शिखा ठाकुर अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह टीम कभी दिन में तो कभी देर रात दबिश देकर तस्करों के नेटवर्क को तोडऩे में जुटी रहती है। मुखबिर तंत्र को मजबूत करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों, हाईवे और प्रमुख मार्गों पर निगरानी बढ़ाई गई है। यही वजह है कि अवैध शराब कारोबारियों की गतिविधियां काफी हद तक नियंत्रित हो चुकी हैं। हाल ही में हुई कार्रवाई भी विभाग की सक्रियता का उदाहरण बनी है। पिछले तीन दिनों में आबकारी टीम ने तीन अलग-अलग स्थानों से शराब तस्करों को गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की। कासना क्षेत्र में देर रात कार्रवाई करते हुए शनि बाल्मिकी को 30 पव्वा देशी शराब के साथ पकड़ा गया। दनकौर क्षेत्र में संयुक्त टीम ने नितिन कुमार को गिरफ्तार कर 50 पव्वा अवैध शराब बरामद की, जबकि कासना क्षेत्र से ही आशू उर्फ आस मोहम्मद को भी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जांच में सामने आया कि आरोपी शराब दुकानों के बंद होने के बाद या खुलने से पहले अवैध रूप से शराब बेचकर मुनाफा कमा रहे थे। आबकारी विभाग ने इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की। विभाग की कार्रवाई केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है। लाइसेंसी शराब दुकानों की नियमित चेकिंग, औचक निरीक्षण, दुकानों के आसपास ढाबों और प्रतिष्ठानों की निगरानी, वाहनों की जांच और संदिग्ध ठिकानों पर दबिश लगातार जारी है। नई रणनीति के तहत तकनीकी सूचना और मुखबिर तंत्र का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। आबकारी विभाग की यही सक्रियता जिले में अवैध शराब के खिलाफ निर्णायक साबित हो रही है। राजस्व बढऩे के साथ-साथ आम लोगों में भी सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। आज गौतमबुद्ध नगर में आबकारी विभाग की टीम एक संगठित टी-20 टीम की तरह काम करती दिखाई देती है, जहां कप्तान की रणनीति और खिलाडिय़ों की मेहनत मिलकर जीत सुनिश्चित कर रही है। लगातार हो रही कार्रवाई ने शराब माफियाओं को बैकफुट पर ला दिया है। यदि यही गति और रणनीति जारी रही तो आने वाले समय में गौतमबुद्ध नगर न केवल प्रदेश का सबसे कमाऊ जिला रहेगा बल्कि अवैध शराब मुक्त प्रशासनिक मॉडल के रूप में भी नई पहचान स्थापित करेगा।

आबकारी विभाग का यह टी-20 मुकाबला फिलहाल पूरी तरह उसके पक्ष में जाता नजर आ रहा है और तस्करों की विकेट लगातार गिरती जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जनपद प्रदेश का महत्वपूर्ण और संवेदनशील जिला होने के कारण अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग की टीमें लगातार छापेमारी, औचक निरीक्षण, वाहन चेकिंग एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से अवैध कारोबार पर निगरानी बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता सरकार के राजस्व की सुरक्षा के साथ-साथ जनपद में सुरक्षित माहौल बनाए रखना है।

किसी भी स्थिति में अवैध शराब की बिक्री या तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी आबकारी निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं और लाइसेंसी शराब दुकानों की भी लगातार जांच की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों, हाईवे और संवेदनशील स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# दुहाई नमो भारत स्टेशन के पास दिनदहाड़े हथियारबंद युवकों का हमला, फायरिंग से दहला दिल्ली-मेरठ रोड




**टीबीसी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ रोड पर दुहाई नमो भारत स्टेशन के समीप दिनदहाड़े हथियारबंद युवकों द्वारा की गई गुंडई ने एक बार फिर जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बदमाशों ने कार मैकेनिक की दुकान के बाहर खड़े दो युवकों पर अचानक हमला कर दिया, जमकर मारपीट की, कार में तोडफोड़ की और फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंदपुरम निवासी अभिषेक चौधरी ने मधुबन बापूधाम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बुधवार शाम लगभग सात बजे वह मुरादनगर स्थित अपनी फैक्ट्री से घर लौट रहे थे। रास्ते में दिल्ली-मेरठ रोड स्थित दुहाई नमो भारत स्टेशन के पास मूड्स मेनिया नामक दुकान पर उन्होंने अपनी कार की इलेक्ट्रिकल वायरिंग ठीक कराने के लिए वाहन रोका था। इसी दौरान अचानक कुछ युवक हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे और बिना किसी स्पष्ट वजह के अभिषेक तथा उनके साथ मौजूद युवक पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों के हाथों में चाकू, डंडे और असलाह थे। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगे। मारपीट के दौरान हमलावरों में से एक युवक ने कथित रूप से कहा कि वे गलत व्यक्ति को पीट रहे हैं। इसके बाद हमलावरों ने वहां मौजूद अंकुर नेहरा को निशाना बना लिया। आरोपितों ने बेसबॉल डंडों से अंकुर की कार पर हमला कर दिया और कार के शीशे, बोनट, बंपर तथा लाइटों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर आपस में बातचीत के दौरान काजू, सन्नी त्यागी, मोनू चौधरी और वीरभान नाम लेकर एक-दूसरे को संबोधित कर रहे थे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जाते समय हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। हमले के बाद जब पीड़ितों ने अपनी कार की जांच की तो उसमें रखी सोने की चेन, महंगी राडो घड़ी तथा नकदी गायब मिली। आशंका जताई जा रही है कि हमलावर मारपीट और तोडफोड़ के दौरान लूटपाट भी कर गए। इस घटना में दोनों युवक घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। दिल्ली-मेरठ रोड जैसे व्यस्त राष्ट्रीय मार्ग पर शाम के समय हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यस्त सड़क होने के बावजूद बदमाशों का खुलेआम हथियारों के साथ हमला करना और फायरिंग कर फरार हो जाना पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे निगरानी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया गया।

## आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लबों ने संयुक्त रूप से

# भारत गौशाला में हरे चारे का वितरण किया








**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत गौशाला में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से हरा चारा वितरण का 36वां सेवा प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।



इस सेवा कार्य में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने नेतृत्व करते हुए अन्य क्लबों– रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफरन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार एवं रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम की सक्रिय सहभागिता रही।

यह सेवा प्रोजेक्ट गौमाता एवं बैलों के कल्याण के उद्देश्य से समाज के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें गौशाला में हरे चारे का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य पशुओं के प्रति करुणा और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान अजय चौधरी, रवि भटनागर, मनीषा भार्गव, दयानंद शर्मा, डॉ. धीरज कुमार भार्गव एवं प्रतीक भार्गव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से समाज में सेवा, करुणा और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश प्रसारित हुआ। साथ ही सभी पदाधिकारियों ने भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# राम कृष्णा इंस्टीट्यूट में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन, 1000 सेनेटरी पैड वितरित

**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** रहम फाउंडेशन, यशोदा मेडिसिटी इंदिरापुरम एवं रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के संयुक्त सहयोग से राम कृष्णा इंस्टीट्यूट में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को समर्पित सेनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 1000 सेनेटरी पैड निःशुल्क वितरित किए गए तथा छात्राओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान विशेषज्ञों ने मासिक धर्म के समय स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के बारे में विस्तार से बताया।






यह सेवा पहल विशेष रूप से यशोदा मेडिसिटी इंदिरापुरम के सहयोग से आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई रोटरी क्लबों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें प्रमुख रूप से रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, दिल्ली प्रीत विहार, दिल्ली लेगेसी, गाजियाबाद ग्रीन, हापुड़ एलीट, हापुड़ प्लेटिनम, गाजियाबाद सैफरन, इंदिरापुरम गैलोर और गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट का विशेष सहयोग रहा।

रहम फाउंडेशन ने वर्ष 2025-26 में 1,50,000 सेनेटरी पैड वितरण का संकल्प लिया है, जिसमें अब तक लगभग 1,33,000 से अधिक सेनेटरी पैड वितरित किए जा चुके हैं। यह अभियान महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य, सम्मान और स्वच्छ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार भार्गव, विद्यालय की प्रिंसिपल, वरुण शर्मा, प्रतीक भार्गव सहित अन्य गणमान्य सदस्य एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

आयोजकों ने कहा कि जब सामाजिक संस्थाएं, स्वास्थ्य संस्थान और सेवा संगठन एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई मिसाल स्थापित होती है।

## आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लबों ने संयुक्त रूप से

# आशियाना सोसाइटी में सेनेटरी पैड वितरण एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित आशियाना सोसाइटी, अहिंसा उपवन (अहिंसा खंड-2) में आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी के संयुक्त तत्वावधान में सेनेटरी पैड वितरण एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 1000 सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही छात्राओं एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता (हाइजीन) के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वे स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवनशैली अपना सकें। विशेषज्ञों ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखना महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर विभिन्न रोटरी क्लबों का भी सराहनीय सहयोग रहा। इनमें प्रमुख रूप से इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, दिल्ली प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, गाजियाबाद ग्रीन, हापुड़ एलीट, हापुड़ प्लेटिनम, गाजियाबाद सैफरन, इंदिरापुरम गैलोर एवं गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के सदस्य शामिल रहे।

आरएचएएम फाउंडेशन ने वर्ष 2025-26 में 1,50,000 सेनेटरी पैड वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें से अब तक 1,31,000 से अधिक सेनेटरी पैड वितरित किए जा चुके हैं।






इस अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद महिलाओं तक आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से घर-घर में कार्य करने वाली सहायिकाओं को भी सेनेटरी पैड वितरित किए गए, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस पहल का लाभ पहुँच सके।

इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार भार्गव (अध्यक्ष एवं संस्थापक, आरएचएएम फाउंडेशन), राजेश गोयल, अजय चौधरी, विद्यानंद त्यागी, मधु गोयल एवं रेणुका सहित सोसाइटी के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि आरएचएएम फाउंडेशन एवं सहयोगी रोटरी क्लबों का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा को सर्वोपरि रखते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना है।

# आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लबों ने बाल शिक्षा केंद्र में सेनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** बाल शिक्षा केंद्र कनावनी में आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी के संयुक्त तत्वावधान में सेनेटरी पैड वितरण एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 1000 सेनेटरी पैड निःशुल्क वितरित किए गए। साथ ही छात्राओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता (मेंस्ट्रुअल हाइजीन) के महत्व के प्रति जागरूक किया गया, ताकि वे स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ जीवनशैली अपना सकें।

यह सेवा प्रकल्प राजेश गोयल एवं अजय चौधरी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिनमें प्रमुख रूप से रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, दिल्ली प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, गाजियाबाद ग्रीन, हापुड़ एलीट, हापुड़ प्लेटिनम, गाजियाबाद सैफरन, इंदिरापुरम गैलोर और गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट शामिल रहे।

आरएचएएम फाउंडेशन ने वर्ष 2025-26 के लिए 1,50,000 सेनेटरी पैड वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके अंतर्गत अब तक 1,33,000 से अधिक सेनेटरी पैड वितरित किए जा चुके हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता को बढ़ावा देना है।






विशेष रूप से इस कार्यक्रम में घरों में कार्य करने वाली सहायिकाओं को भी सेनेटरी पैड वितरित किए गए, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस अभियान का लाभ पहुँचाया जा सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. धीरज कुमार भार्गव, मनीषा भार्गव, राजेश गोयल, अजय चौधरी, विद्यानंद त्यागी, मधु गोयल सहित विद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि आरएचएएम फाउंडेशन एवं सहयोगी रोटरी क्लब समाज सेवा को सर्वोपरि रखते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता और जन-जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.